Sl. No.	District	RPDS/EAS Blocks
5.	Boudh	2
6.	Gajpati	6
7.	Dhenkanal	3
8.	Deogarh	2
9.	Kalahandi	11
10.	Mayurbhanj	26
11.	Nawapara	5
12.	Sambalpur	6
13.	Jajpur	2
14.	Jharsuguda	5
15.	Keonjhar	13
16.	Koraput	14
17.	Malkangiri	7
18.	Nayagarh	1
19.	Nawrangpur	10
20.	Phukbani	12
21.	Rayagada	11
22.	Sonepur	2
23.	Sundergarh	17

RPDS: Revamped Public Distribution System.
EAS: Employment Assurance Scheme.

"सार्क" देशों की आर्थिक सहयोग समिति की बैठक में सीमा शुल्क संबंधी निर्णय

2056. **प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा:** क्या वाणिज्य मंत्री 4 दिसम्बर, 1995 को राज्यसभा में तारांकित प्रश्न 115 से दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) "सार्क" देशों की आर्थिक सहयोग समिति की बैठक में किस-किस देश ने किस-किस वस्तु पर सीमा शुल्क में कमी करना स्वीकार किया है; और

(ख) इससे भारत को सीमा शुल्क में कितना घाटा होगा?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम): (क) आर्थिक सहयोग संबंधी समिति (सीईसी) की दिनांक 16-17 नवम्बर, 1995 को हुई इसकी छठी बैठक में सीमाशुल्क संबंधी निश्चित रियायतों पर कोई विचार-विमर्श अथवा कोई सहमति नहीं हुई। तथापि सीईसी ने सिफारिश की है कि व्यापार उदारीकरण संबंधी अन्तरसरकारी दलों की बैठक पुनः बुलाई जाए ताकि निश्चित समय सीमा के भीतर पैरा-टैरिफ, गैर-टैरिफ और अन्य व्यापार नियंत्रण बाधाओं को दूर करने और साप्ता कार के अंतर्गत प्रदत्त रियायतों का विस्तार एवं वृद्धि करने के लिए दूसरे दौर की व्यापार वार्ता शुरू की जा सके।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में महिलाओं को रोजगार

2057. **श्री गोपाल सिंह जी सोलंकी:** क्या योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं को रोजगार देने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है;

(ग) सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में महिलाओं के उत्थान हेतु कार्यरत एजेंसियों/संगठनों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार सार्वजनिक क्षेत्र में इस क्षेत्र की अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों की महिलाओं के रोज़गार का प्रतिशत बढ़ाने का विचार रखती है; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री बलराम सिंह यादव): (क) से (ङ) महिलाओं के रोज़गार पर सरकार द्वारा ध्यान दिया जा रहा है। गुजरात राज्य सहित पूरे देश में ग्रामीण तथा शहरी, दोनों क्षेत्रों में क्षेत्रकीय कार्यक्रमों तथा विशेष रोज़गार कार्यक्रम के अन्तर्गत आई०आर०डी०पी०, ट्राइसैम तथा जे०आर०वाई० जैसी कुछ स्कीमों में महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ महिलाओं की भागीदारी पर बल दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, महिला रोज़गार में वृद्धि करने के लिए कुछ विशिष्ट स्कीमें हैं। ये स्कीमें हैं:

(i) प्रशिक्षण तथा रोज़गार कार्यक्रम के लिए सहयोग (एस०टी०ई०पी०);

(ii) महिलाओं के लिए रोज़गार और आय सृजक एवं उत्पादन केन्द्र की स्थापना (एन०ओ०आर०ए०डी०);

(iii) महिलाओं के लिए सामाजिक-आर्थिक कार्यक्रम;

(iv) ग्रामीण क्षेत्रों में महिला तथा बाल विकास (डी०डब्ल्यू०सी०आर०ए०);

सौराष्ट्र तथा कच्छ क्षेत्र में महिलाओं को रोज़गार देने के लिए सरकार के पास कोई विशिष्ट प्रस्ताव नहीं है। बहरहाल, उपर्युक्त कार्यक्रम तथा कार्यनीति इस क्षेत्र में भी लागू है। सौराष्ट्र और कच्छ क्षेत्र सहित गुजरात राज्य में महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक गैर-सरकारी संगठन कार्यरत हैं।

सौराष्ट्र तथा कच्छ क्षेत्र में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बन्धित महिलाओं के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार इन वर्गों के पुरुषों तथा महिलाओं, दोनों के लिए पदों पर आरक्षण की यथा-स्वीकृत नीति के अनुसार प्रदान किया जाता है।

Depletion of Agricultural Labour

2058. SHRI R. MARGABANDU: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether Government are aware that there is a complete depletion in agricultural labour sector and in due course the agricultural operations will come to a stand still; and

(b) whether there is any proposal with Government to fill up the said vacuum?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) As per 1991 Census, the total number of agricultural workers in the country has gone up by 18.32 million during the decade 1981—91 registering a growth of 33.04 percent. This trend does not indicate depletion in the agricultural labour sector.

(b) Does not arise.

Bilateral trade in Gold with South Africa

2059. SHRI RAMDAS AGARWAL: SHRI SATISH AGARWAL:

Will the Minister of COMMERCE be pleased to state:

(a) whether any bilateral arrangements for trading of gold with South Africa has been established between South Africa and India;

(b) whether it is a fact that the Minister of Trade and Industry, South-Africa recently met the Minister of State for Commerce Government of India in New Delhi; if so, the nature of talks held and outcome thereof; and

(c) whether the two countries have signed any protocol/MOU on mining of manganese, gold, iron-ore, chrome and liquification of gas etc, and if not, what is the present state of negotiations?